# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

## JEE/NEET की कोचिंग हेतु Mathematics विषय के शिक्षकों (Teachers) की आवश्यकता

### पटना के विभिन्न 10 विद्यालयों में इंजीनियरिंग (JEE) तथा मेडिकल (NEET) प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए अनुशिक्षण (Coaching) हेतु योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों की सेवाएँ प्राप्त करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पटना के विभिन्न 10 विद्यालयों में 10वीं उत्तीर्ण मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए मेडिकल (NEET) एवं इंजीनियरिंग (JEE) प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा निःशुल्क अनुशिक्षण (Coaching) कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है, जिस हेतु योग्य एवं अनुभवी विषय विशेषज्ञों की Part Time सेवाएँ प्राप्त किया जाना है।

2. तदनुसार गणित (Mathematics) विषयों में शिक्षण हेतु योग्य एवं अनुभवी विषय विशेषज्ञों से निम्नरूपेण आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

**आवेदन करने की प्रक्रिया-**

(i) आवेदक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में आवश्यक वांछित अभिलेखों के साथ तैयार कर ई-मेल आई.डी.- computeritcellbseb@gmail.com पर दिनांक 16.08.2026 को संध्या 5:00 बजे तक भेजेंगे।

अथवा

आवेदक वेबसाइट coaching.biharboardonline.com पर दिये गये लिंक "Teachers for 10 New Non Residential Free Coaching At Patna" पर क्लिक कर अपना ऑनलाईन आवेदन विहित प्रपत्र में आवश्यक वांछित अभिलेखों के साथ दिनांक 16.08.2026 को संध्या 5:00 बजे तक भर सकेंगे।

| | |
|---|---|
| न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | M.Sc (Math)/B.Tech/M.Tech |
| Professional Fee | (i) Dynamic and flexible payment structure के तहत विषय विशेषज्ञ को अधिकतम 2000/- रू. प्रति घंटा के दर से भुगतान किया जाएगा।<br>(ii) विषय विशेषज्ञ (Faculty) के Professional Fee में उनके Performance के आधार पर न्यूनतम 5 प्रतिशत से अधिकतम 10 प्रतिशत तक की वार्षिक वृद्धि की जा सकेगी।<br>(iii) विषय को प्रथम बार दो वर्षों के लिए (For Two Years) कार्यादेश दिया जाएगा। दो वर्षों के पश्चात् संतोषप्रद कार्य तथा आवश्यकता के आधार पर प्रत्येक बार 11-11 महीनों के लिए अवधि विस्तार किया जा सकेगा। |
| अनुभव | (i) किसी प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान में अपने विषय का JEE अथवा NEET से संबंधित अध्यापन का कम से कम 05 वर्ष का अनुभव अनिवार्य। अनुभव के प्रमाण के रूप में उस कोचिंग द्वारा भुगतान किये गए वेतन विवरणी (Salary Statement) संलग्न करना होगा।<br>(ii) आवेदक को पिछले पाँच वर्षों में किसी भी एक वर्ष में JEE/NEET के किसी Reputed कोचिंग संस्थान में न्यूनतम 1 लाख रूपये प्रति माह अथवा 12 लाख रूपये प्रति वर्ष का भुगतान प्राप्त होना चाहिए। (जिस अभ्यर्थी का अंतिम रूप से चयन (Final Selection) होगा, उनके योगदान (Joining) के पहले उपरोक्त किसी भी एक वर्ष में 12 लाख रूपये प्राप्त होने के इस बिन्दु का सत्यापन Bank Statement/TR से कराया जा सकेगा।) |

(ii) अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने के क्रम में कोचिंग संस्थानों में उन्हें प्राप्त मासिक मानदेय (Remuneration) का उल्लेख करना है। इसके साथ ही उन्हें संस्थानों द्वारा भुगतान किये गए वेतन का Salary Slip लगाना होगा तथा Salary Slip की अनुपलब्धता की स्थिति में पिछले तीन वर्ष के Income Tax Return की प्रति संलग्न करनी होगी। चयन लिखित परीक्षा/डेमो क्लास एवं साक्षात्कार के आधार पर होगा।

3. उक्त अनुशिक्षण कार्यक्रम (Coaching) में पठन-पाठन का समय विद्यालयों की कक्षा समाप्ति के पश्चात होगा।

4. अभ्यर्थियों को गणित विषय के विषय विशेषज्ञ पद के लिए प्राप्त आवेदनों की Shortlisting की जाएगी तथा Shortlisted अभ्यर्थियों की सूचना उनके E-mail/Mobile पर दिनांक 18.08.2026 तक उपलब्ध करा दी जाएगी। स्क्रूटनी के पश्चात चुने गए अभ्यर्थियों को ही लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

5. अभ्यर्थियों का साक्षात्कार (Interview) दिनांक 20.08.2026 को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, सिन्हा लाईब्रेरी रोड, पटना-800017 में पूर्वाह्न 10:00 बजे से लिया जाएगा। उक्त तिथि में परिवर्तन होने की स्थिति में सूचना अभ्यर्थी को उनके मोबाईल/ई-मेल पर दी जाएगी। आवेदकों द्वारा दी गई सूचना की गोपनीयता (Full Confidentiality) अक्षुण्ण रखी जाएगी।

6. इन्टरव्यू में पटना के बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को आने-जाने (To and Fro) के लिए वायुयान यात्रा के लिए Economy Class एवं रेल यात्रा के लिए AC के Actual Fare की 60% राशि इन्टरव्यू के दिन ही दी जाएगी, जिसके लिए उन्हें एयर टिकट/रेल टिकट की फोटोकॉपी जमा करनी होगी।

सचिव

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

## JEE/NEET की कोचिंग हेतु Chemistry विषय के शिक्षक (Teacher) की आवश्यकता

### राज्य के सारण प्रमण्डल मुख्यालय में अवस्थित इंजीनियरिंग (JEE) तथा मेडिकल (NEET) प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए अनुशिक्षण (Coaching) हेतु योग्य एवं अनुभवी शिक्षक की सेवाएँ Full Time Basis पर प्राप्त करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राज्य के सारण प्रमण्डल जिला मुख्यालय में 10वीं उत्तीर्ण मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए मेडिकल (NEET) एवं इंजीनियरिंग (JEE) प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा संचालित गैर आवासीय (Non Residential) निःशुल्क अनुशिक्षण (Coaching) हेतु रसायन शास्त्र के पठन-पाठन के लिए योग्य एवं अनुभवी विषय विशेषज्ञ की सेवाएँ Full Time Basis पर प्राप्त किया जाना है।

2. तदनुसार रसायन शास्त्र (Chemistry) विषय मे Full Time Basis पर शिक्षण हेतु योग्य एवं अनुभवी शिक्षक/विषय विशेषज्ञ से निम्नरूपेण आवेदन आमन्त्रित किये जाते हैं :-

**आवेदन करने की प्रक्रिया-**

(i) आवेदक अपने आवेदन के साथ अपना अनुभव प्रमाण-पत्र (Experience Certificate) एवं अद्यतन Salary Slip की Scanned Copy PDF में तैयार कर ई-मेल आई.डी.- computeritcellbseb@gmail.com पर दिनांक 16.08.2026 को संध्या 5:00 बजे तक भेजेंगे।

अथवा

आवेदक वेबसाइट coaching.biharboardonline.com पर दिये गये लिंक "Teacher for Saran Division Headquarters (Full Time)" पर क्लिक कर अपना ऑनलाईन आवेदन दिनांक 16.08.2026 को संध्या 5:00 बजे तक भर सकेंगे।

| न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | M.Sc/B.Tech/M.Tech |
|---|---|
| मानदेय | (i) Dynamic and flexible payment structure के तहत अधिकतम 02 लाख रूपये तक प्रति माह प्रति (Upto Rs. 2,00,000/- Per Month) Professional Fees के रूप में भुगतान किया जा सकेगा।<br>(ii) विषय विशेषज्ञ का Professional Fee में उनके Performation के आधार पर न्यूनतम 5 प्रतिशत से अधिकतम 10 प्रतिशत तक की वार्षिक वृद्धि की जा सकेगी।<br>(iii) प्रथम बार दो वर्षो के लिए (For Two Years) कायदिश दिया जाएगा। दो वर्षो के पश्चात् संतोषप्रद कार्य तथा आवश्यकता के आधार पर 11-11 महीने के लिए अवधि विस्तार किया जा सकेगा। |
| अनुभव | (i) किसी प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान में अपने विषय का JEE अथवा NEET से संबंधित अध्यापन का कम से कम 05 वर्ष का अनुभव अनिवार्य।<br>(ii) आवेदक को पिछले पाँच वर्षो मे किसी भी एक वर्ष में JEE/NEET के किसी Reputed कोचिंग संस्थान में न्यूनतम 1 लाख रूपये प्रति माह अथवा 12 लाख रूपये प्रति वर्ष का भुगतान प्राप्त होना चाहिए। (जिस अभ्यर्थी का अंतिम रूप से चयन (Final Selection) होगा, उनके योगदान (Joining) के पहले उपरोक्त किसी भी एक वर्ष में 12 लाख रूपये प्राप्त होने के इस बिन्दु का सत्यापन Bank Statement/TR से कराया जा सकेगा।) |

(ii) अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने के क्रम में कोचिंग संस्थानों में उन्हें प्राप्त मासिक मानदेय (Remuneration) का उल्लेख करना है। इसके साथ ही उन्हें संस्थानों के किसी एक वर्ष का Salary Slip लगाया जाना होगा तथा Salary Slip की अनुपलब्धता की स्थिति में किसी एक वर्ष के Income Tax Return की प्रति संलग्न करनी होगा।

3. प्राप्त आवेदनों की Shortlisting की जाएगी तथा Shortlisted अभ्यर्थियों की सूचना उनके E-mail/Mobile पर दिनांक 18.08.2026 तक उपलब्ध करा दी जाएगी। स्क्रूटनी के पश्चात चुने गए अभ्यर्थियों को ही लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

4. अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा, क्लास डेमो तथा साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। साक्षात्कार (Interview) दिनांक 20.08.2026 को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, सिन्हा लाईब्रेरी रोड, पटना-800017 में पूर्वाह्न 10:00 बजे से लिया जाएगा। उक्त तिथि में परिवर्तन होने की स्थिति में सूचना अभ्यर्थी को उनके मोबाईल/ई-मेल पर दी जाएगी। आवेदकों द्वारा दी गई सूचना की गोपनीयता (Full Confidentiality) अक्षुण्ण रखी जाएगी।

5. इन्टरव्यू में पटना के बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को आने-जाने (To and Fro) के लिए वायुयान यात्रा के लिए Economy Class एवं रेल यात्रा के लिए AC के Actual Fare की 60% राशि इन्टरव्यू के दिन ही दी जाएगी, जिसके लिए उन्हें एयर टिकट/रेल टिकट की फोटोकॉपी जमा करनी होगी।

सचिव

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

## बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा इंजीनियरिंग तथा मेडिकल (JEE/NEET इत्यादि) प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए संचालित अनुशिक्षण कार्यक्रम हेतु की गई व्यवस्था एवं प्रबंधन के नियमित पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण हेतु समन्वयक (Co-ordinator) की सेवाएँ प्राप्त करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा इंजीनियरिंग तथा मेडिकल (JEE/NEET इत्यादि) प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के उद्देश्य से नि:शुल्क कोचिंग कराने की व्यवस्था की गई है।

2. छात्र/छात्राओं के लिए की गई संपूर्ण व्यवस्था तथा निर्दिष्ट विषयों के लिए दी जा रही कोचिंग के नियमित पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण के लिए समन्वयक (Co-ordinator) भी समिति द्वारा निर्धारित मानदेय पर रखे जाने का प्रस्ताव है। तदनुसार इस हेतु इच्छुक व्यक्तियों से निम्नरूपेण आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

| क्र.सं. | पदनाम | पद की संख्या | न्यूनतम अर्हता | आवश्यक अनुभव | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | समन्वयक (Co-ordinator) | 03 | किसी भी विषय में स्नातकोत्तर (MBA डिग्रीधारी को चयन में अधिमानता दी जाएगी) | इंजीनियरिंग (JEE), मेडिकल (NEET) या किसी अन्य कोचिंग में न्यूनतम 5 वर्ष समन्वयक / समान्तर पद पर कार्य करने का अनुभव | 75000/- प्रतिमाह (वैधानिक कटौती की जाएगी) |

### आवेदन करने की प्रक्रिया-

आवेदक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में आवश्यक वांछित अभिलेखों के साथ तैयार कर ई-मेल आई.डी.- computeritcellbseb@gmail.com पर दिनांक 16.08.2026 को संध्या 5:00 बजे तक भेजेंगे।

अथवा

समन्वयक के लिए समिति की वेबसाईट coaching.biharboardonline.com पर दिये गये लिंक Co-ordinator पर क्लिक करें।

3.(i) चयनित समन्वयक द्वारा मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए की गई विशेष शिक्षण (कोचिंग) व्यवस्था एवं की गई अन्य सभी व्यवस्थाओं का पर्यवेक्षण/अनुश्रवण एवं कक्षाओं की संचालन की व्यवस्था।

(ii) समन्वयक की सेवा समिति में संविदा के आधार पर प्राप्त की जाएगी तथा ये समिति के पदाधिकारी/कर्मी नहीं होंगे। उपर्युक्त समन्वयक की सेवा सामान्यतः दो वर्षो के लिए ली जाएगी-किन्तु समिति द्वारा आवश्यकता एवं संतोषप्रद कार्य के आधार पर प्रत्येक 11 महीने के लिए सेवा का विस्तार किया जा सकेगा।

(iii) उनके कार्य (Performance) के आधार पर या आवश्यकता नही होने पर कभी भी 15 दिनों का Notice अथवा समतुल्य वेतन देकर तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त किया जा सकेगा।

(iv) आवश्यक अनुभव हेतु अनुभव प्रमाण पत्र के साथ-साथ Salary Slip भी समर्पित करना होगा।

4. समन्वयक के पद के लिए प्राप्त आवेदनों की Shortlisting की जाएगी तथा Shortlisted अभ्यर्थियों की सूचना उनके E-mail/Mobile पर दिनांक 18.08.2026 तक उपलब्ध करा दी जाएगी। तत्पश्चात् Shortlisted आवेदकों का साक्षात्कार दिनांक 20.08.2026 को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना, सिन्हा लाईब्रेरी रोड, पटना-800017 में होगा।

सचिव

@officialbseb @officialbseb @officialbseb biharschoolexaminationboard